दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 11.09.2023

प्रकाशनार्थ

नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन

दिनांक 11.09.2023 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज के वाणिज्य विभाग के द्वारा बी.कॉम. एवं एम.कॉम. प्रथम वर्ष के छात्र/छात्राओं के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय से संबंधित शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

श्री दीपक साहनी के द्वारा नई शिक्षा नीति के CBCS प्रणाली पर जानकारी प्रदान करते हुए बी.कॉम. प्रथम वर्ष एवं एम. कॉम. प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा की जानकारी दी गई। डॉ. संजय कुमार त्रिपाठी ने महाविद्यालय द्वारा बनाई गई विभिन्न समितियां एवं सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा डॉ. अभय मालवीय द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्य तथा व्यवहारिक उपयोग की जानकारी दी और निष्कर्ष रूप में कहा कि नई शिक्षा नीति का मूल उद्देश्य छात्र–छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना है। डॉ. चंडी प्रसाद पांडे ने अनुशासन के संबंध में जानकारी दी तथा विभाग के प्रभारी डॉ. संजीव कुमार सिंह ने स्वागत करते हुए विद्यार्थी जीवन के दायित्व से अवगत कराया।

(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क